1062

Question Booklet Serial No. / प्रश्न पुस्तिका क्रमांक: 105-

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2025
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2025

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet
Set Code
**B**

( ANNUAL / वार्षिक )

# SANSKRIT ( SIL )
# संस्कृत ( SIL )

**विषय कोड :**
**Subject Code :**

कुल प्रश्न : 100 + 5 = 105
**Total Questions : 100 + 5 = 105**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 24
**Total Printed Pages : 24**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :*

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य** है। पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या **1** से **100** तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन **100** प्रश्नों में से किन्हीं **50** प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को **OMR** उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें। **50 × 1 = 50**

1. पण्डिता क्षमाराव ने किस पुस्तक की रचना की ?

   (A) मधुराविजयम् (B) ग्रामज्योति

   (C) शंकरचरितम् (D) वरदाम्बिकापरिणय

2. याज्ञवल्क्य ने आत्मतत्त्व की शिक्षा किसे दिया ?

   (A) मैत्रेयी को (B) गार्गी को

   (C) सुलभा को (D) विजयाङ्का को

3. 'अ + इ' के मेल से कौन-सा नया वर्ण बनेगा ?

   (A) आ (B) ऐ

   (C) ए (D) ऋ

4. 'पूर्वरूप संधि' का उदाहरण कौन-सा है ?

   (A) एकैक (B) हरेऽव

   (C) रावणः (D) रमेन्द्रः

5. 'खगेशः' का सन्धि-विच्छेद क्या होगा ?

   (A) खग + एशः (B) खग + ईशः

   (C) खग + इशः (D) खगे + शः

6. 'व्याकरणम्' में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) वि (B) व्यां

(C) अव (D) णम्

7. 'पित्रा' किस विभक्ति का रूप है ?

(A) तृतीया (B) षष्ठी

(C) पञ्चमी (D) चतुर्थी

8. 'दातृणाम्' का मूल शब्द क्या होगा ?

(A) दाता (B) दातु

(C) दातृ (D) दात्री

9. 'युष्मद्' शब्द का रूप प्रथमा विभक्ति, एकवचन में क्या होगा ?

(A) त्वम् (B) तव

(C) तुभ्यम् (D) यूयम्

10. 'लिख्' धातु का रूप लृट् लकार में क्या होगा ?

(A) लिखतु (B) लेखिष्यति

(C) लिखेत् (D) लिख

11. 'बृहत्संहिता' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) वराहमिहिर (B) आर्यभट

(C) बादरायण (D) कणाद

12. वेदरूपी शास्त्र कैसा होता है ?

(A) अनित्य (B) नित्य

(C) कृतक (D) कृत्य

13. गौतम ने किस दर्शन की रचना की ?

(A) सांख्य दर्शन (B) योग दर्शन

(C) न्याय दर्शन (D) मीमांसा दर्शन

14. प्राचीन संस्कृति की पहचान किससे होती है ?

(A) धर्मों से (B) संस्कारों से

(C) कर्मों से (D) आचारों से

15. साहित्य ग्रन्थों में केशान्त संस्कार का नामान्तर क्या है ?

(A) उपनयन (B) गोदान

(C) कर्णवेध (D) समावर्त्तन

16. स्वामी दयानन्द का परिवार किसका उपासक था ?

(A) सूर्य (B) विष्णु

(C) शिव (D) राम

17. स्वामी दयानन्द का निधन कब हुआ ?

(A) 1884 ई० (B) 1885 ई०

(C) 1883 ई० (D) 1882 ई०

18. कौन प्रसाद को खा रहा था ?

(A) चूहा (B) चींटी

(C) बकरा (D) बिल्ली

19. समाज और शिक्षा के उद्धारक कौन थे ?

(A) विवेकानन्द (B) रामप्रवेश

(C) दयानन्द (D) विरजानन्द

20. "वैरेण वैरस्य शमनम् असम्भवम्" यह किसकी उक्ति है ?

(A) महात्मा बुद्ध (B) भगवान् महावीर

(C) दयानन्द (D) चन्द्रगुप्त

21. 'चार्थे द्वन्द्वः' सूत्र का उदाहरण कौन-सा है ?

(A) जीवनचरितम् (B) पञ्चामृतम्

(C) प्राचीनकालः (D) धर्मार्थकामाः

22. 'सचिवानाम् आलयः' का समस्त पद क्या होगा ?

(A) सचिवालयः (B) सचिवानामालय

(C) सचिवआलयः (D) इनमें से कोई नहीं

23. 'मातापितरौ' कौन-सा समास होगा ?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व

(C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि

24. 'युष्माकम्' का मूल शब्द क्या है ?

(A) अस्मद् (B) युष्मद्

(C) एतत् (D) तत्

25. 'चत्वारः' का मूल शब्द क्या है ?

(A) चतस्रः (B) चत्वारि

(C) चतुर् (D) चत्वार

26. 'अस्' धातु लोट् लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन रूप क्या होगा ?

(A) असि (B) अस्तु

(C) सन्तु (D) एधि

27. 'पठेयम्' पद में कौन-सी धातु है ?

(A) पठे
(B) पठ्
(C) पठति
(D) पठत

28. 'वि + ज्ञा + ल्यप्' के मेल से कौन-सा पद बनेगा ?

(A) विज्ञाप्य
(B) विज्ञः
(C) विज्ञाय
(D) विज्ञान्

29. 'रोगः' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) शतृ
(B) क्त
(C) घञ्
(D) ल्युट्

30. 'कृ + क्तवतु' के योग से कौन-सा पद बनेगा ?

(A) कृतवती
(B) कर्त्तव्यः
(C) कृतम्
(D) करणीयः

31. 'नमति' किस लकार का रूप है ?

(A) लोट्
(B) लट्
(C) लृट्
(D) लङ्

32. 'भू' धातु का लोट् लकार, मध्यम पुरुष, एकवचन का रूप कौन-सा होगा ?

(A) भव
(B) भवथ
(C) भवतु
(D) भवत

33. 'शान्तिः' पद में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) ति
(B) क्तिन्
(C) क्त
(D) यत्

34. 'गम् + तुमुन्' के योग से कौन-सा अव्यय बनेगा ?

(A) गमतुम् (B) गमितुम्

(C) गन्तुम् (D) गमनाय

35. 'पठनम्' पद में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) क्त (B) ल्युट्

(C) क्तवतु (D) शतृ

36. राम 'मन्दाकिनी' की शोभा किसे दिखा रहे हैं ?

(A) लक्ष्मण को (B) सीता को

(C) मंदोदरी को (D) विभीषण को

37. 'रघुवंश' महाकाव्य के रचनाकार कौन हैं ?

(A) वाल्मीकि (B) तुलसीदास

(C) कालिदास (D) व्याडि

38. विशाल नेत्रोंवाली कौन हैं ?

(A) श्रीलक्ष्मी (B) पार्वती

(C) सीता (D) राधा

39. 'हंस-सारस' द्वारा सेवित नदी कौन-सी है ?

(A) मन्दाकिनी (B) यमुना

(C) सरयू (D) कोसी

40. कौन नृत्य कर रहा है ?

(A) भक्त (B) पर्वत

(C) वृक्ष (D) मुनि

41. 'सत्य' से किसका मार्ग प्रशस्त होता हैं ?

(A) घर का
(B) स्वर्गलोक का
(C) यमलोक का
(D) देवलोक का

42. 'हिरण्मयेन पात्रेण ............ दृष्टये ।।' मंत्र किस उपनिषद् से संकलित है ?

(A) मुण्डकोपनिषद्
(B) कठोपनिषद्
(C) ईशावास्योपनिषद्
(D) श्वेताश्वतरोपनिषद्

43. 'अपावृणु' पद का क्या अर्थ है ?

(A) ढका हुआ
(B) छोड़ दें
(C) हटा दें
(D) विस्तार होता है

44. 'अरे वाचाल ! कितना बोलते हो ?' किस पुरुष का कथन है ?

(A) चतुर्थ पुरुष
(B) द्वितीय पुरुष
(C) तृतीय पुरुष
(D) प्रथम पुरुष

45. 'अलसकथा' पाठ में 'अहो कथमयं कोलाहलः ?' किसकी उक्ति है ?

(A) पहला आलसी
(B) दूसरा आलसी
(C) तीसरा आलसी
(D) चौथा आलसी

46. सबसे बड़ा शत्रु कौन है ?

(A) क्षमा
(B) आलस्य
(C) क्रोध
(D) लोभ

47. 'भवन्तमहमेष नमस्करोमि' किसका कथन है ?

(A) शक्र
(B) अर्जुन
(C) कर्ण
(D) भीष्म

48. 'महत्तरां भिक्षां याचे' यह उक्ति किसकी है ?

(A) कर्ण की
(B) शल्य की
(C) शक्र की
(D) इनमें से कोई नहीं

49. इन्द्र ने कर्ण से छल क्यों किया ?

(A) कृष्ण की सहमति के लिए
(B) अर्जुन की सहायता के लिए
(C) कौरवों के जिताने के लिए
(D) पाण्डवों को हराने के लिए

50. 'कौमुदी महोत्सव' जैसा दृश्य किस अवसर पर दिखाई पड़ता है ?

(A) छठपूजा
(B) दुर्गापूजा
(C) दीपावली
(D) वसंतपंचमी

51. "यह मेरा है, यह तुम्हारा है ।" ऐसी भावना कौन रखते हैं ?

(A) विद्वान्
(B) अग्रसोची
(C) छोटी बुद्धिवाला
(D) उदारचरित वाला

52. 'हितोपदेश' की कहानियाँ किससे सम्बन्धित हैं ?

(A) मानव
(B) दानव
(C) देवता
(D) पशु-पक्षी

53. कौन कीचड़ में फँस गया ?

(A) बाघ (B) पथिक

(C) सिंह (D) साँप

54. "........... भारः क्रियां विना ।" रिक्त स्थान में उचित विकल्प क्या होगा ?

(A) दानम् (B) मानम्

(C) ज्ञानम् (D) नृत्यम्

55. 'पवित्रम्' किस संधि का उदाहरण है ?

(A) यण् संधि (B) अयादि संधि

(C) गुण संधि (D) दीर्घ संधि

56. 'सत्येषा' का सही विच्छेद क्या होगा ?

(A) सति + इषा (B) सत्य + इषा

(C) सती + एषा (D) सत्य + एषा

57. 'भुवः प्रभवः' का उदाहरण है

(A) हिमालयात् गङ्गा प्रभवति । (B) सीता रामेण सह वनं गतवती ।

(C) सा हर्षात् हसति । (D) नेतारः पदाय स्पृह्यन्ति ।

58. 'हेतु' शब्द के अर्थ में कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) तृतीया (B) षष्ठी

(C) पञ्चमी (D) सप्तमी

59. 'सः मासेन व्याकरणम् अधीते ।' यह किस सूत्र का उदाहरण है ?

(A) सहार्थे तृतीया (B) अपवर्गे तृतीया

(C) करणे तृतीया (D) इत्थंभूतलक्षणे

60. 'मह्यम् मिष्टान्नं रोचते' किस सूत्र का उदाहरण है ?

(A) सम्प्रदाने चतुर्थी (B) रुच्यर्थानां प्रीयमाणः

(C) सम्बोधने प्रथमा (D) तादर्थ्ये चतुर्थी

61. 'योगसूत्र' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) पाणिनि (B) पतञ्जलि

(C) कपिल (D) कणाद

62. 'कृषिविज्ञान' के रचयिता निम्न में से कौन हैं ?

(A) लगध (B) पराशर

(C) यास्क (D) गौतम

63. 'वसुधा' किसका पर्याय है ?

(A) नभ (B) पृथ्वी

(C) वायु (D) जल

64. 'पटनदेवी' किस नगर में अवस्थित है ?

(A) वैशाली (B) पटना

(C) राजगृह (D) नालन्दा

65. यूनान का राजदूत कौन था ?

(A) मेगास्थनीज (B) हुयेनसांग

(C) फाह्यान (D) इत्सिंग

66. 'रावणः' पद का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) रौ + अनः
(B) रो + अणः
(C) रौ + अणः
(D) रौ + वणः

67. 'ऋ + अ' के मेल से कौन-सा नया वर्ण बनेगा ?

(A) अर्
(B) र
(C) आर्
(D) र्

68. 'तस्य + इति' पद की संधि क्या होगी ?

(A) तस्यैति
(B) तस्याति
(C) तस्येति
(D) तस्येतिः

69. किस पद में 'वि' उपसर्ग नहीं है ?

(A) विकासः
(B) वेदः
(C) विनयः
(D) व्यवहारः

70. 'दुर्गमम्' पद में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) दुस्
(B) दुश्
(C) दुर्
(D) दूर्

71. कौन-सी भूमि पवित्र और ममतामयी है ?

(A) ग्रामीण भूमि
(B) भारतभूमि
(C) अरण्यभूमि
(D) मरुस्थलीय भूमि

72. अयं निर्मला ........... वहन्तो वसन्ति ।। श्लोकांश किस पाठ से उद्धृत है ?

(A) भारतमहिमा (B) नीतिश्लोकाः

(C) शास्त्रकाराः (D) मङ्गलम्

73. देवगण क्या गाते हैं ?

(A) रामायण (B) गीत

(C) महाभारत (D) कविता

74. विदुरनीति के रचनाकार कौन हैं ?

(A) चाणक्य (B) मनु

(C) विदुर (D) वाल्मीकि

75. काम, क्रोध और लोभ किसके द्वार हैं ?

(A) स्वर्ग (B) मृत्यु

(C) नरक (D) मोक्ष

76. 'सुखावहा' क्या है ?

(A) धर्मः (B) अहिंसा

(C) विद्या (D) क्षमा

77. शिक्षक दलित बालक को कहाँ ले गये ?

(A) क्षेत्र (B) घर

(C) विद्यालय (D) आश्रम

78. रामप्रवेश राम ने किस परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया ?

(A) इण्टर (B) स्नातक

(C) स्नातकोत्तर (D) मैट्रिक

79. दलित बालक का नाम क्या था ?

(A) प्रवेश राम (B) शिवराम

(C) रामप्रवेश राम (D) रामजनम राम

80. मैत्रेयी कौन थी ?

(A) याज्ञवल्क्य की पुत्री (B) मधुराविजयम् की लेखिका

(C) याज्ञवल्क्य की पत्नी (D) याज्ञवल्क्य की माता

81. 'राधेयः' में कौन-सा प्रत्यय होगा ?

(A) ठक् (B) अण्

(C) घञ् (D) इञ्

82. 'वद' किस लकार का रूप है ?

(A) लट् (B) लृट्

(C) लोट् (D) लङ्

83. भारतीय संस्कृति में कितने संस्कार होते हैं ?

(A) बारह (B) चौदह

(C) सोलह (D) ग्यारह

84. जन्म से पूर्व कितने संस्कार होते हैं ?

(A) 3 (B) 6

(C) 5 (D) 4

85. पथिक किसके द्वारा पकड़कर खाया गया ?

(A) बाघ (B) सिंह

(C) मगरमच्छ (D) भेड़िया

86. 'व्याघ्रपथिक कथा' पाठ में अविश्वासी पात्र किसे कहा गया है ?

(A) पथिक को (B) धर्मशास्त्री को

(C) बाघ को (D) सिंह को

87. बाघ कैसा था ?

(A) बूढ़ा (B) दुराचारी

(C) वंशहीन (D) इनमें से सभी

88. सीता को 'विशालाक्षि' किसने संबोधित किया है ?

(A) लक्ष्मण ने (B) प्रकृति ने

(C) राम ने (D) भरत ने

89. स्वामी दयानन्द के बचपन का नाम क्या था ?

(A) शिवशंकर (B) मूलशंकर

(C) रविशंकर (D) कृपाशंकर

90. महर्षि वाल्मीकि ने 'मन्दाकिनीवर्णनम्' पाठ में प्रकृति का वर्णन किस छन्द में किया है ?

(A) शिखरिणी (B) अनुष्टुप्

(C) मन्दाक्रान्ता (D) आर्या

91. 'आदाय' अव्यय में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) आव (B) आङ्

(C) अव (D) अनु

92. 'बहिः' के योग में किस विभक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) द्वितीया विभक्ति (B) चतुर्थी विभक्ति

(C) तृतीया विभक्ति (D) पञ्चमी विभक्ति

93. 'सम्प्रदान कारक' में किस विभक्ति का प्रयोग किया जाता है ?

(A) षष्ठी विभक्ति (B) पञ्चमी विभक्ति

(C) चतुर्थी विभक्ति (D) तृतीया विभक्ति

94. 'भवत्' शब्द का सप्तमी विभक्ति, बहुवचन का रूप कौन-सा है ?

(A) भवता (B) भवत्सु

(C) भवताम् (D) भवतः

95. किस समास का पहला पद अव्यय होता है ?

(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव

(C) कर्मधारय (D) द्वन्द्व

96. विग्रह करने में 'च' का प्रयोग किस समास में होता है ?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व

(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष

97. 'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' सूत्र का उदाहरण क्या होगा ?

(A) नीलोत्पलम् (B) गजराजः

(C) पशुपतिः (D) दम्पती

98. 'मुनि' शब्द पञ्चमी विभक्ति, एकवचन में क्या होगा ?

(A) मुनेः (B) मुनिना

(C) मुनौ (D) मुनये

99. 'राजसु' में कौन-सी विभक्ति है ?

(A) पञ्चमी (B) षष्ठी

(C) सप्तमी (D) चतुर्थी

100. 'गंगायाम्' इस पद का मूल है

(A) गंगा (B) गंगम्

(C) गौ (D) गंगाम्

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

### अपठित गद्यांश (13 अंक)

1. अधोलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें :

(अ) किं नाम संस्कृतिः ? चेतसः संस्करणं संस्कृतिः इति अभिधीयते । सा नाम संस्कृतिः या मनसः मलं अपनयति, चेतसः चाञ्चल्यं दूरीकरोति, आत्मनश्च अज्ञानावरणम् अपसारयति । एषा लोकस्य राष्ट्रस्य संसृतेश्च उपकरोति । अस्मिन् विश्वे सा एव संस्कृतिः उपादेया वर्तते यया सर्वेषां स्वान्तेषु विश्वहितं विश्वबन्धुत्वं च आदर्शत्वेन उरीक्रियते ।

I. एकपदेन उत्तरत – $2 \times 1 = 2$

(क) कस्य संस्करणं संस्कृतिः ?

(ख) का मनसः मलम् अपसारयति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – $2 \times 2 = 4$

(क) संस्कृतिः केषाम् उपकरोति ?

(ख) अस्मिन् विश्वे का संस्कृतिः उपादेया ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत । 1

अथवा

रामायणं मम प्रियपुस्तकम् । भगवतो मर्यादापुरुषोत्तमस्य श्रीरामचन्द्रस्य पावनं चरितं रामायणे वर्णितम् अस्ति । अस्य लेखकः महर्षिः वाल्मीकिः आसीत् । तस्य रचना 'आदिकाव्यम्' इति विदुषां मतम् । अत एव वाल्मीकिः आदिकविः आसीत् । रामायणम् अनुष्टुप्-छन्दसि लिखितम् । अस्मिन् श्लोकसंख्या चतुर्विंशतिसहस्रम् वर्तते । अस्मात् कारणात् रामायणं महाकाव्यं 'चतुर्विंशतिसाहस्री-संहिता' इत्युच्यते विद्वद्भिः ।

I. एकपदेन उत्तरत – $2 \times 1 = 2$

(क) मम प्रियपुस्तकं किम् ?

(ख) आदिकविः कः आसीत् ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – $2 \times 2 = 4$

(क) रामायणे किं वर्णितम् अस्ति ?

(ख) विद्वद्भिः रामायणं किम् उच्यते ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत । 1

(ब) 'विद्या' शब्दस्य अर्थः 'ज्ञानम्' अस्ति । एषा विद्या महता प्रयत्नेन लभ्यते । विद्यावान् नरः एव सर्वत्र सम्मानं लभते । विद्या मानवस्य सर्वश्रेष्ठम् आभूषणं वर्तते । एषा कुरूपम् अपि सुरूपं करोति । विदेशे बन्धुवत् साहाय्यं करोति । अनया एव मानवः कीर्तिं धनम्-सुखं च लभते । अतः सर्वैः जनैः स्वजीवने सुखं समृद्धिं च प्राप्तुं विद्या-प्राप्तये प्रयत्नः करणीयः ।

I. एकपदेन उत्तरत – $2 \times 1 = 2$

(क) कः सर्वत्र सम्मानं लभते ?

(ख) मानवस्य सर्वश्रेष्ठम् आभूषणं किम् ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – $2 \times 2 = 4$

(क) विद्या विदेशे किं करोति ?

(ख) विद्या-प्राप्तये किमर्थं यत्नः करणीयः ?

**अथवा**

कविकुलगुरुः कालिदासः संस्कृतसाहित्याकाशे शशि इव प्रकाशते । महाकविः विक्रमादित्यभूपतेः राजसभायां नवरत्नेषु प्रमुखः आसीत् । कालिदासस्य काव्येषु भाषायाः रमणीयता, मानवीयप्रकृतेः स्वाभाविकं विश्लेषणं प्राकृत-दृश्यानां च सजीवचित्रणं विद्यते । अभिज्ञानशाकुन्तलं तस्य विश्वप्रसिद्धं नाटकमस्ति ।

I. एकपदेन उत्तरत – $2 \times 1 = 2$

(क) कः शशि इव प्रकाशते ?

(ख) कालिदासस्य विश्वप्रसिद्धं नाटकं किम् अस्ति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – $2 \times 2 = 4$

(क) कालिदासस्य काव्येषु किं विद्यते ?

(ख) कालिदासः केषु प्रमुखः आसीत् ?

## संस्कृते पत्रलेखनम्

**( 08 अंक )**

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें : $2 \times 4 = 8$

(i) अपने उत्तम परीक्षाफल का विवरण देते हुए पिताजी को संस्कृत में पत्र लिखें ।

(ii) विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रधानाध्यापक को संस्कृत में आवेदन पत्र लिखें ।

(iii) जन्मदिवस की बधाई देते हुए अपने अनुज को संस्कृत में पत्र लिखें ।

(iv) विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए प्रधानाध्यापक को एक आवेदन पत्र संस्कृत में लिखें । https://www.bsebstudy.com

## संस्कृते अनुच्छेदलेखनम्

**( 13 अंक )**

3. अधोलिखित में से किसी **एक** विषय पर **सात** वाक्यों में एक अनुच्छेद संस्कृत में लिखें : $1 \times 7 = 7$

(क) पुस्तकालयः

(ख) देववाणी संस्कृतभाषा

(ग) वृक्षारोपणम्

(घ) सरस्वतीपूजा

(ङ) वसन्तोत्सवः

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **छः** वाक्यों का अनुवाद संस्कृत में करें : 6 × 1 = 6

(क) आलस्य मनुष्य का शत्रु है ।

(ख) आम मीठा होता है ।

(ग) वह स्वभाव से सज्जन है ।

(घ) मेरा मित्र पटना में रहता है ।

(ङ) तालाब में कमल खिलते हैं ।

(च) तुम चलो, मैं आता हूँ ।

(छ) रोहन का भाई मोहन है ।

(ज) परिश्रम के बिना विद्या नहीं ।

(झ) मैं मन से पढ़ता हूँ ।

(ञ) तुम कौन हो ?

(ट) तुम्हारे पिताजी कब आएँगे ?

(ठ) सभी भाइयों में राम श्रेष्ठ थे ।

## लघु-उत्तरीय प्रश्न

**( 16 अंक )**

5. अधोलिखित में से किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें : $8 \times 2 = 16$

(क) आत्मा के स्वरूप का वर्णन करें ।

(ख) महान लोग संसाररूपी सागर को कैसे पार करते हैं ?

(ग) मंत्री वीरेश्वर की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन करें ।

(घ) 'भारतमहिमा' पाठ का उद्देश्य क्या है ?

(ङ) देवगण किसका गुणगान करते हैं और क्यों ?

(च) 'नीतिश्लोकाः' पाठ से किसी एक श्लोक को शुद्ध-शुद्ध लिखें ।

(छ) नरक के द्वार कौन-कौन से हैं ?

(ज) अलसकथा पाठ का संदेश क्या है ?

(झ) 'कर्मवीर कथा' पाठ के आधार पर रामप्रवेश राम के परिवार का वर्णन करें ।

(ञ) अनिष्ट से इष्टप्राप्ति का परिणाम कैसे बुरा होता है ?

(ट) दानवीर कर्ण का चरित्र-चित्रण करें ।

(ठ) अथर्ववेद में किन पाँच ऋषिकाओं का वर्णन है ?

(ड) पटना के विभिन्न नामों का उल्लेख करें ।

(ढ) जन्मपूर्व कितने संस्कार होते हैं ? उल्लेख करें ।

(ण) 'विश्वशान्तिः' पाठ के आधार पर शान्ति स्थापित करने के उपायों को लिखें ।

(त) मध्यकाल में भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों के विषय में लिखें ।